राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–11/2022

राज्यपाल ने सुप्रसिद्ध कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 17 जनवरी, 2022 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सुप्रसिद्ध कथक नर्तक पंडित बिरजू महाराज के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोक संदेश में कहा है कि स्व० पंडित बिरजू महाराज ने भारतीय कथक नृत्य कला को विश्व भर में विशिष्ट पहचान दिलायी। उन्हें पद्म विभूषण, संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार तथा कालीदास सम्मान जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उनके निधन से कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की चिरशांति तथा शोक संतप्त परिजनों एवं प्रशंसकों को धैर्य, साहस एवं सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की है।

....